दिनांक 14.04.2021 स्वच्छ एवं सुंदर भिलाई

बाबा अंबेडकर जी की 130 वीं जयंती पर डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर किया गया माल्यार्पण, सभी स्थलों के परिसर को किया गया स्वच्छ

भिलाईनगर / डा ॅ. भीमराव अंबेडकर जयंती के उपलक्ष्य में बीती शाम से लेकर बुधवार की सुबह तक भिलाई निगम क्षेत्र के विभिन्न क्षेत्रों में स्थापित बाबासाहेब अंबेडकर की प्रतिमाओं की साफ-सफाई कराई गई और स-सम्मान प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया! बढ़े हुए कोरोना संक्रमण और ला ॅकडाउन के चलते अंबेडकर अनुयायियों ने घर पर रहकर 130 वीं जयंती मनाई! निगम आयुक्त श्री ऋतुराज रघुवंशी के निर्देश पर चौक-चौराहों पर स्थापित सभी मूर्तियों व स्थल के आस पास सफाई व धुलाई कराई गई! जहां अंबेडकर के अनुयायियों ने महज कुछ लोगों की उपस्थिति में कोविड नियमों का पालन करते हुए फूल , माला अर्पित करते हुए कैंडल जलाया साथ ही अपने प्रसाद स्वरूप खीर पूरी अर्पण किया गया! डा ॅ. भीमराव अंबेडकर की 130 वीं जयंती आज मनाई गई! कोरोना वायरस के रोकथाम के लिए लगाए गई ला ॅकडाउन के नियमों का पालन करते हुए अंबेडकर अनुयायियों ने अपने-अपने घरों में ही बाबा अंबेडकर जी की जयंती मनाई! भिलाई निगम क्षेत्र के विभिन्न स्थानों पर डा ॅ. अंबेडकर जी की प्रतिमाएं स्थापित है, जहां पर आज सुबह से ही निगम के स्वच्छता अमला पहुंचा और वहां प्रतिमाओं की धुलाई और आसपास की सफाई की , साथ ही परिसर की सफाई कर चूना मार्किंग किया गया! निगम प्रशासन द्वारा नेहरू नगर , स्मृति नगर, कोसा नगर, अंबेडकर चौक पावर हाउस , जवाहर मार्केट, पावर हाउस, बौद्ध विहार सेक्टर 6, कोसा नगर, वार्ड 04 कृष्णा नगर, वार्ड 36 गौतम नगर, वार्ड 29 बापूनगर, कैंप 1 हाउसिंग बोर्ड सहित अन्य स्थानों में स्थापित प्रतिमाओं की सफाई और माल्यार्पण किया गया!